आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 20.11.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। शाम पांच बजे तक 56 दशमलव सात आठ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून में अंतरराष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव का उद्घाटन किया। कहा– सरकार को शोध के साथ कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष जोर देना होगा।
- 55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज गोवा में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा– राज्य सरकार प्रदेश में जन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।
- सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से देहरादून शहर में ट्रैफिक सिग्नलों को रात 12 बजे तक चालू रखा जाएगा।

केदारनाथ उप चुनाव

रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर आज शाम मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक 56 दशमलव सात आठ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हालांकि, अंतिम आंकड़े अभी आने बाकी हैं। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून में अंतरराष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव–2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार को नवाचार और शोध के साथ ही कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष जोर देना होगा। इसके लिए जरूरी है कि स्कूली जीवन से ही विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध किया जाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी वर्तमान समय की जरूरत है और इसे स्वीकार किए बिना प्रगति और विकास संभव नहीं है।

चार दिवसीय महोत्सव में 30 से अधिक तकनीकी और वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं, वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकी से जुड़े लोगों ने नवाचार पर आधारित प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए।

अर्थव्यवस्था

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था तीस बिलियन डॉलर के उद्योग के रूप में उभर चुकी है। श्री वैष्णव ने अंग्रेजी और हिन्दी के समाचारपत्रों में प्रकाशित एक लेख में यह बात कही। गोआ में आज शाम से शुरू हो रहे 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव को लेकर श्री वैष्णव ने कहा कि अगले आठ दिनों के इस कार्यक्रम में सैंकड़ों फिल्में दिखाई जाएंगी।

भारत–अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज गोवा में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। यह महोत्सव इस महीने की 28 तारीख तक चलेगा। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि इस वर्ष फिल्म महोत्सव में कई नई पहल की गई हैं और यह युवा फिल्मकारों को समर्पित है। उन्होंने बताया कि एक सौ युवा प्रतिभाएं क्रियेटिव माइंड्स ऑफ टूमॉरो प्लेटफॉर्म पर अपनी सृजन क्षमता प्रस्तुत करेंगी।

सतपाल महाराज

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को उत्तराखंड यात्रा विकास प्राधिकरण के गठन पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। आज देहरादून में आयोजित बैठक में उन्होंने गढ़वाल मंडल विकास निगम और कुमाऊं मंडल विकास निगम के एकीकरण के संबंध में भी तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने रुद्रप्रयाग जिले के दूरस्थ गांव ब्यूंखी को पर्यटन गांव बनाने के अलावा नाथ सर्किट, पांडव सर्किट, विवेकानंद सर्किट और रविंद्र नाथ टैगोर सर्किट बनाने की प्रक्रिया पर भी जोर दिया।

सफाई अभियान

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के बाद धाम में दो दिवसीय सघन सफाई अभियान चलाया गया। बदरीनाथ नगर पंचायत की ओर से विभिन्न स्थानों से डेढ़ टन अजैविक कूड़ा एकत्र किया गया। अभियान के दौरान ब्रह्म कपाल, आस्था पथ, तप्त कुंड, मुख्य बाजार के साथ ही माणा गांव में भी सफाई अभियान चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरी यात्रा अवधि के दौरान अजैविक कूड़े का निस्तारण कर जिला प्रशासन को 8 लाख की आय हुई है।

निर्माणाधीन सामुदायिक भवन

कृषि और सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में जन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। श्री जोशी ने आज देहरादून के गढ़ी कैंट में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के निरीक्षण के दौरान ये बात कही। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से उत्तराखंड में निर्माणाधीन सबसे बड़ा सामुदायिक भवन जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि इस विशाल सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूरा होने पर गढ़ी कैंट क्षेत्र के लोगों के लिए यह भवन निश्चित रूप से विवाह और सामाजिक कार्यों के लिए वरदान साबित होगा।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने निर्माणाधीन अत्याधुनिक सामुदायिक भवन के निर्माण से संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूरा करने के आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

ट्रैफिक सिग्नल

राजधानी देहरादून के ओएनजीसी चौक पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद अब शहर के सभी ट्रैफिक सिग्नलों को रात 12 बजे तक चालू रखा जाएगा। ये जानकारी देते हुए देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि हर चौक पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से दुर्घटनाओं को कम करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यशाला

अल्मोड़ा जिले के कोसी–कटारमल पर्यावरण संस्थान में ''हिमालय के लिए जैव विविधता डेटा संग्रह में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का उपयोग'' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जैव विविधता संरक्षण और प्रबंधन केंद्र के प्रमुख डॉ. आई.डी. भट्ट ने वित्त पोषित परियोजना के उद्देश्यों और इसके संभावित परिणामों पर प्रकाश डाला। डॉ. भट्ट ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का मुख्य उद्देश्य हिमालयी जैव विविधता को एकत्रित करना और लुप्तप्राय प्रजातियों का आकलन करना है।

पेंशन शिविर

प्रदेश सरकार के सेवारत और पारिवारिक पेंशन धारकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए चंपावत जिले में पेंशनर्स जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ कोषाधिकारी सीमा बंगवाल ने बताया कि कोष विभाग के प्रशिक्षकों ने पेंशनर्स को ऐप के माध्यम से घर बैठे जीवन प्रमाण पत्र भरने समेत विभिन्न विषयों की जानकारी दी।

संक्षिप्त समाचार–––

- राजस्व विभाग की टीम ने हरिद्वार जिले में अवैध खनन पर छापेमार कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉली और एक जेसीबी को सीज किया है।
- नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत हरिद्वार पुलिस ने जिले के विभिन्न स्थानों से चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लाखों रुपये कीमत के नशीले पदार्थ बरामद हुए।
- बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांडा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल से अनुपस्थित चिकित्सकों को शो–कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।
- चमोली जिले में शौचालय विहीन परिवारों, आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों में स्वजल से शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। यह अभियान 10 दिसंबर मानवाधिकार दिवस तक चलाया जाएगा।